## (16) ट्रेड-मधुमक्खी पालन

(कक्षा–11)

**उद्देश्य-**

(1) मधुमक्खी पालन औद्योगीकरण द्वारा देश की बढ़ती हुई बेरोजगारी को दूर करना।
(2) शुद्ध मधु उत्पादन की मात्रा में वृद्धि करना, बिक्री बढ़ाना तथा प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि।
(3) बीमार एवं कमजोर व्यक्तियों के लिए उपयोगी वस्तु, औषधि एवं पौष्टिक पदार्थ की उपलब्धि में वृद्धि करना।
(4) निर्धनों के लिये सम्पूर्ण वर्ष में आय का एकमात्र साधन सिद्ध होना।
(5) कम से कम पूंजी लगाकर अधिकतम आय प्राप्ति का उपयोगी स्रोत होना।
(6) मधुमक्खी पालन उद्योग में दक्षता प्राप्त कर भविष्य में जीविकोपार्जन के लिये सक्षम बनाना।
(7) श्रम के प्रति आस्था उत्पन्न करने, आत्म-निर्भर बनने एवं एक कुशल नागरिक बनाने में सहायक होना।
(8) मधुमक्खी पालन उद्योग के यंत्रों, उपकरणों के उपयोग का समुचित ज्ञान प्राप्त करना।

**रोजगार के अवसर-**

(1) मौन पालन उद्योग इकाइयों में रोजगार मिलने की सम्भावना।
(2) मौन पालन उद्योग में स्वरोजगार या अपना निजी व्यवसाय चलाना अथवा मधु को बोतलों में भरना, पैंकिंग कर बाजार में आपूर्ति करने का कार्य करना।
(3) मधु एवं उससे उत्पाद की वस्तुओं का व्यापार कर सकता है, उनका होलसेल या रिटेल सेल का कार्य कर सकता है।
(4) मधु भंडारण एवं बिक्री की दुकान खोल सकता है।
(5) मौनचरों या फूलों की खेती करके फूल विक्रय का रोजगार कर सकता है।
(6) मौन पालन उद्योग में आने वाले यन्त्रों एवं उपकरणों का निर्माण एवं विक्रय का उद्योग चला सकता है।

**पाठ्यक्रम-**

इस ट्रेड में तीन-तीन घन्टे के पाँच प्रश्न-पत्र और भी प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा-

(क) सैद्धान्तिक-

| | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न-पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| द्वितीय प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| (ख) प्रयोगात्मक- | 400 | | 200 | |

**नोट**-परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न-पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

### प्रथम प्रश्न-पत्र

### मधुमक्खी पालन उद्योग का सामान्य ज्ञान

(1) मधुमक्खी पालन का उद्देश्य तथा इतिहास, अन्य कुटीर उद्योगों में अन्तर तथा महत्व। 30
(3) मौन प्रबन्ध का सिद्धान्त, सामान्य एवं विशेष मौन प्रबन्ध की जानकारी, जैसे धरछुट, बकछुट, लूटपाट तथा मौनों का रख रखाव। 30

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### मधुमक्खी जैविकी, पालन एवं मौनचरों की व्यवस्था

(1) जन्तु जगत में मौन का स्थान। 15
(2) मौनों की वाह्य एवं आन्तरिक रचना विशेषकर श्वसन, प्रजनन अंगों, डंक, सेन्स अंगों एवं पाचन तन्त्र का ज्ञान। 15
(4) मौन परिवार का संगठन, जीवन चक्र, विभिन्न सदस्यों का विकास। 15
(5) मौनों के छतों की रचना, विभिन्न प्रकार के कोष्ठ, उनकी स्थिति एवं पहचान। 15

### तृतीय प्रश्न-पत्र

### मौनगृह तथा उपकरण

(1) विभिन्न प्रकार के मौनगृहों की बनावट, मौनगृह का विकास एवं विशेषता। 30
(2) मौनोंगृहों के निर्माण के सिद्धान्त तथा सामग्रियों का अनुमान लगाना। 30

### चतुर्थ प्रश्न-पत्र

### मधुमक्खी के शत्रु, बीमारियां एवं नियन्त्रण

(1) मौन के विभिन्न शत्रुओं की पहिचान तथा उनकी रोकथाम। 20

(2) मौनी छत्ता-धार प्रकोष्ठ, जीवन चक्र तथा हानि पहुंचाने वाले जीवों के बारे में जानकारी रखना। 20

(4) मौनों के रोगों की पहिचान तथा बीमारी के बचाव के बारे में जानकारी रखना। 20

**पंचम प्रश्न-पत्र**

**मधुमक्खी पालन का आर्थिक महत्व, विपणन एवं प्रसार**

(1) मधु उत्पादन के सिद्धान्त तथा अन्य उत्पाद जैसे-मोम, प्रोपेलिस तथा मौनविष(बी-वेनम) का महत्व। विभिन्न प्रकार के मधु तथा शुद्धता की पहचान्। 20

(2) मधु, मोम तथा डंक के गुण एवं उपयोगिता। 20

(3) मधु एवं मोम उत्पादन, परिष्करण। 20

**प्रायोगात्मक पाठ्यक्रम**

(1) मौन गृहों के रख-रखाव के सम्बन्ध में छात्रों की टोलियों से निरीक्षण कराना, चित्र बनाना तथा प्रयोगात्मक कार्य कराना।

(2) आधुनिक एवं प्राचीन मौन पालन का अन्तर तथा मौन वंशों के रख-रखाव के अन्तर को समझना और प्रयोगात्मक कार्य करना।

(3) सामान्य मौन प्रबन्ध-धरछूट, बकछूट, लूटपाट की जानकारी कराना तथा मौन वंशों को पकड़ना और मौन गृहों में बसाना।

(4) रानी विहीन मौन वंशों को रानी देना, रानी पैदा कराना तथा मौन वंशों का रिकार्ड रखना।

(5) मौन के वाहृय एवं आन्तरिक शरीर की रचना का डिसेक्शन निरीक्षण एवं प्रयोगात्मक कापी से चित्र बनाना।

(6) मौनों के जीवन चक्र, वार्षिक चक्र तैयार करना।

(7) मौन गृहों के निर्माण की जानकारी करना तथा अन्तर को समझना एवं दिखाना।

(8) मौन छत्ता मिल (मशीन की बनावट, मौनी छत्तावार तैयार कराना तथा उपयोगिता को बताना)।

(9) मधु निष्कासन का कार्य कराना, चित्र तथा मधु निकालने का प्रयोगात्मक कार्य।

**नोट** :-प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

**प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा**

समय 5 घण्टे :

**(क) प्रयोगात्मक परीक्षा-**

(1)-परीक्षार्थियों की तीन प्रयोग दिये जायें-

प्रयोग संख्या 1 (दीर्घ प्रयोग)
प्रयोग संख्या 2 (लघु प्रयोग)
प्रयोग संख्या 3 (लघु प्रयोग)

(2)-

(क) सत्रीय कार्य,
(ख) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण

**संस्तुत पुस्तकें :-**

| क्रमांक | पुस्तक का नाम | लेखक का नाम | प्रकाशक का नाम एवं पता | मूल्य | संस्करण/ पुनर्मुद्रण वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन एवं मत्स्य पालन | डा0 जय सिंह | सिंघल बुक डिपो, बड़ौत, मेरठ | 25.00 | 1987-88 |
| 2. | मधु के चमत्कार | सैयद वाजिद हुसैन | श्रीराम मेहरा एण्ड कं0 हास्पिटल रोड, आगरा | 25.00 | 1989-90 |
| 3. | सफल मौन पालन | बच्ची सिंह रावत | रावत मौनालय, रानीखेत, अल्मोड़ा | 60.00 | 1988 |
| 4. | रोचक मौन पालन | ,, | ,, | 15.00 | 1988 |
| 5. | मौन पालन प्रश्नोत्तरी | ,, | ,, | 10.00 | 1989 |
| 6. | प्रारम्भिक मौन पालन | योगेश्वर सिंह | राजकीय मधु मक्खी पालन केन्द्र, ज्योली कोट, नैनीताल | 5.00 | 1988 |
| 7. | बी-कीपिंग इन इण्डिया | सरदार सिंह | आई0 सी0 ए0 आर0 दिल्ली | 16.00 | 1988 |
| 8. | मधु मक्खी एवं मत्स्य पालन | प्रो0 हरी सिंह | कुक्का पब्लिशिंग हाउस, बड़ौत, मेरठ | 7.00 | 1988 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9. | कुक्कुट, मधुमक्खी एवं मत्स्य पालन | ,, | ,, | 22.50 | 1988 |

<u>30 प्रतिशत कम किया गया पाठ्यक्रम।</u>

**प्रथम प्रश्न-पत्र**

**मधुमक्खी पालन उद्योग का सामान्य ज्ञान**

(2) भारतवर्ष एवं विदेशों में मौन पालन के विकास में योगदान देने वाली संस्थाओं का ज्ञान एवं साहित्य प्रकाशन।

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**मधुमक्खी जैविकी, पालन एवं मौनचरों की व्यवस्था**

(3) प्रमुख मधुमक्खियों की पहिचान, तुलनात्मक अध्ययन।
(6) कीट के खाद्य आवश्यकताओं एवं वातावरण की अनुकूलता की जानकारी।

**तृतीय प्रश्न-पत्र**

**मौनगृह तथा उपकरण**

(3 मौनोंगृहों के निर्माण में आने वाले औजारों के बारे में जानकारी तथा रखरखाव के बारे में ज्ञान।

**चतुर्थ प्रश्न-पत्र**

**मधुमक्खी के शत्रु, बीमारियां एवं नियन्त्रण**

(3) मनुष्य, बन्दर, छिपकली, चीटें, गिलहरी, भालू, चिड़िया इत्यादि शत्रुओं के विषय में जानकारी।

**पंचम प्रश्न-पत्र**

**मधुमक्खी पालन का आर्थिक महत्व, विपणन एवं प्रसार**

(4) मधु, मोम के विपणन की अनिवार्यतायें।